# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–18.09.2025 (सुबह–0830 बजे)

### मुख्य समाचार

1. देश के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान आज दोपहर बाद पहुंचेंगे रांची, कल से आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 को लेकर राजभवन में छात्रों से करेंगे संवाद।
2. राज्य सरकार ने केन्द्र से कृषि योजनाओं में सीएसआर और डीएमएफटी फंड के इस्तेमाल की मांगी अनुमति, योजनाओं में बदलाव के दिये सुझाव।
3. झारखंड हाईकोर्ट में फिर हुई जेएससीसी–सीजीएल पेपर लीक मामले की सुनवाई, परीक्षा परिणाम पर रोक बरकरार, 15 अक्तूबर को होगी अगली बहस।
4. प्रदेश भाजपा का सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों का सिलसिला जारी, आज राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आयेंगे रांची, युवा मोर्चा के रक्तदान शिविर का करेंगे उद्घाटन।
5. राज्य में साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर, 22 सितंबर तक के लिए  मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, कई हिस्सों में हो सकती है भारी बारिश।

***********************

देश के रक्षा प्रमुख अनिल चौहान आज दोपहर बाद बजे रांची पहुंचेंगे। वे कल से रांची में आयोजित होने वाले डिफेंस एक्सपो ईस्ट टेक 2025 को लेकर आज राजभवन में छात्रों से संवाद करेंगे। इससे पहले कल रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें डिफेंस एक्सपो में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया।

***********************

राज्य सरकार ने केंद्र सरकार सीएसआर और डीएमएफटी फंड इस्तेमाल की अनुमति मांगी है। नई दिल्ली में आयोजित रबी कार्यशाला में झारखंड का प्रतिनिधत्व कृषि विभाग के विशेष सचिव गोपाल जी तिवारी ने किया। इस दौरान उन्होंने व राज्य के अन्य अधिकारियों ने कृषि से संबंधित योजनाओं में बदलाव से संबंधित कई सुझाव दिये।

***********************

झारखंड हाईकोर्ट में जेएसएससी–सीजीएल परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर कल भी लंबी सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया था कि जब तक मामले की सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, तब तक सीजीएल परीक्षा के परिणाम पर लगी रोक बरकरार रहेगी। अब इस मामले में अगली सुनवाई 15 अक्टूबर को होगी।

***********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि त्योहारों का मौसम स्वदेशी मंत्र को साबित करने का भी समय है। कल मध्य प्रदेश के धार में कई विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद श्री मोदी ने नागरिकों से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि वे जो कुछ भी खरीदें या बेचें वह भारत में निर्मित होना चाहिए। महात्मा गांधी द्वारा स्वदेशी को स्वतंत्रता के साधन के रूप में उपयोग करने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब इसे एक विकसित भारत की नींव बनना चाहिए।

***********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा द्वारा शुरु किये गये सेवा पखवाड़ा का आज दूसरा दिन है। पार्टी की ओर से आज भी कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस सिलसिले में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरुण सिंह आज रांची आयेंगे। वे नामकोम में भारतीय युवा मोर्चा के रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। साथ ही प्रदेश कार्यालय में एक कार्यशाला को संबोधित करेंगे। श्री सिंह प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर लगी प्रदर्शनी का भी अवलोकन करेंगे।

**********************

उधर, गोड्डा सदर अस्पताल में सांसद निशिकांत दुबे ने स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान देश की महिलाओं को समर्पित है। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना भी साधा।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले की प्राचीर से जीएसटी में सुधारों की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करते हुए तीन सितम्बर को जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की थी। नई दरें 22 सितंबर से लागू होंगी जिससे लोगों को फायदा मिलेगा। आज हम कपड़ा क्षेत्र पर एक नज़र डाल रहे हैं।

**********************

रांची जिले के हटिया रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 14 पैकेट में कुल 30 किलो मादक पदार्थ बरामद किये गये हैं। दूसरी ओर हटिया स्टेशन से एक नाबालिग लड़के को मानव तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया। मानव तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**********************

पाकुड़ जिले में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले युवक युवतियों को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वावलंबी बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

**********************

मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में 22 सितंबर तक भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर हल्के से मध्यम दर्जे की भी वर्षा हो सकती है। कहीं–कहीं 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की भी आशंका है।

**********************

और अब अखबारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित प्रमुख अखबारों के डिजिटल संस्करणों में अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी गयी है।

दैनिक भास्कर ने लिखा है–अब देशभर में वोटर लिस्ट रिव्यू होगी।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं–रांची में 500 लोगों को एक साथ जेल भेजेगा प्रशासन।

प्रभात खबर लिखता है–40 हजार बच्चों की जोखिम में जान, बारिश में डरा रहा वज्रपात।

दैनिक जागरण की सुर्खी है–गांव पहुंचा 25 लाख के इनामी नक्सली का शव।

*******************